# डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
## (पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)
(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः COE/306/2025 दिनांकः 02-09-2025

## अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सत्र 2024–25 के एलएल0बी0 प्रथम वर्ष एवं बी0ए0एलएल0बी0 प्रथम वर्ष के कतिपय छात्र/छात्राऐं, जिनके द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु रिपोटिंग करायी जा चुकी है, परन्तु किन्हीं कारणवश परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने से वंचित रह गये है। ऐसे समस्त छात्र–छात्राओं को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये परीक्षा आवेदन पूरित करने की तिथि 04.09.2025 तक अतिरिक्त शुल्क रु0 500/– प्रतिछात्र के साथ निर्धारित की जाती है।

सम्बन्धित छात्र–छात्राऐं जो उक्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है, वह दिनांक 04.09.2025 तक विश्वविद्यालय वेवसाइट www.dbrau.ac.in पर सम्बन्धित महाविद्यालय के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
3. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को छात्रहित में निःशुल्क समस्त समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. एजेन्सी–2025 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Typed at //Exam Letter 2025//Semester Exam